कार्यकारी आदेश 2022-22
(COVID-19 कार्यकारी आदेश सं. 114)

जबकि, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

जबकि, मार्च 2020 की शुरुआत से ही, इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है, जो असाधारण रूप से अस्वस्थता एवं जनहानि का कारण बनी है, तथा 3,834,000, से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और इसने 35,300 से अधिक निवासियों की जान ले ली है; और,

जबकि, जैसे इलिनॉय, कोरोना वायरस रोग 2019 (COVID-19) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का सामना कर रहा है, जो कि एक बिलकुल नया, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से तेज़ी से फैलता है, इससे संपूर्ण राज्य के निवासियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, प्रथम उत्तरदाताओं और सरकारों पर जो भारी दबाव पड़ा है वह अभूतपूर्व है; और,

जबकि, महामारी के दौरान कई प्रारूप (वेरिएंट) सामने आए हैं, जिनमें प्रत्येक अलग-अलग संचरण क्षमता और गंभीरता वाले शामिल है; और,

जबकि, इस महामारी में भविष्य में क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी करना एक कठिन काम है, और सामाजिक दूरी,चेहरे को ढंकना और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियों जैसे सिद्ध उपाय COVID-19 के प्रसार को धीमा करके उसे रोकने में अभी भी कारगर हैं; और,

जबकि, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) ने K-12 सेटिंग्स सहित यूनिवर्सल इन्डोर मास्किंग की अपनी सिफारिश को हटाने के लिए 25 फरवरी, 2022 को संशोधित दिशा निर्देश जारी किया हैं; और,

जबकि, उन दिशानिर्देशों ने COVID-19 से ग्रस्त अस्पताल में दाखिले, इनपेशेंट बेड की उपलब्धता और COVID-19 मामलों की संख्या के आधार पर सामुदायिक COVID-19 स्तरों का आकलन करने के लिए एक ढांचा प्रदान किया है; और,

जबकि, अब CDC का मार्गदर्शन केवल उन समुदायों में यूनिवर्सल मास्किंग की सिफारिश करता है जिनमें COVID-19 का स्तर अधिक है; और,

जबकि, CDC यह सलाह देना जारी रखता है कि कुछ सामुदायिक सेटिंग्स, जैसे कि स्कूल और उच्च-जोखिम वाली सामूहिक सेटिंग्स को उन सेटिंग की विशेषताओं के आधार पर और प्रकोप की स्थिति में रोकथाम के अतिरिक्त उपायों की आवश्यकता हो सकती है; और,

जबकि, राज्य के आदेश के बिना भी, K-12 स्कूल, चाइल्ड केयर सुविधाएँ, और अन्य सेटिंग्स सामुदायिक COVID-19 स्तर और सेटिंग की अन्य विशेषताओं के आधार पर लोगों द्वारा फेस मास्क पहनने की आवश्यकता का चयन कर सकती हैं; और,

जबकि, COVID-19 के टीके COVID-19 रोग, विशेष रूप से गंभीर बीमारी और मृत्यु को रोकने में प्रभावी हैं, लेकिन आबादी का एक हिस्सा बिना टीकाकरण के है और कुछ निवांसी, जिनमें छह महीने से छोटे बच्चे भी शामिल हैं, अभी तक टीका प्राप्त करने के योग्य नहीं हुए हैं; और,

जबकि, कुछ नियोक्ताओं ने सामूहिक सौदेबाजी समझौतों में प्रवेश किया है, जिसके लिए अन्य शमन उपायों के अलावा, कुछ सेटिंग्स व्यक्तियों को में फेस मास्क पहनने की आवश्यकता होती है; और,

जबकि, CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि जब समुदाय COVID-19 का स्तर अधिक होता है तब जो व्यक्ति प्रतिरक्षित हैं या गंभीर बीमारी के लिए उच्च जोखिम पर हैं, वे सार्वजनिक रूप से घर के अंदर, एक अच्छी तरह से फिट होने वाले मास्क को पहनने पर विचार करे; और,

जबकि, CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि लक्षण वाले, पॉजिटिव टेस्ट वाले, या COVID-19 वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोग मास्क पहनें; और,

जबकि, व्यक्ति स्वयं को या अपने इर्द-गिर्द के व्यक्तियों को COVID-19 के प्रसार के विरुद्ध संरक्षित करने के लिए मास्क पहन सकने का चयन कर सकता है; और

जबकि, CDC दिशा निर्देशों ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि जो व्यक्ति COVID-19 टीकाकरण के मामले में अद्यतित (अप-टू-डेट) नहीं हैं, या जो COVID-19 संक्रमण के 90 दिनों के भीतर हैं, वे COVID-19 से ग्रस्त होने के बाद 10 दिनों के लिए मास्क पहने; और,

जबकि, CDC मार्गदर्शन ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि जो व्यक्ति COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आए हैं वे परीक्षण में पॉज़िटिव आने के बाद कम-से-कम 5 दिनों तक घर पर ही रहते हुए पृथकवास (आइसोलेशन) में रहें और दिन 10 तक मास्क पहनें; और,

जबकि, CDC ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि यदि विद्यार्थियों, अध्यापकों, और स्टाफ़ में किसी में भी संक्रामक रोग, जिसमें COVID-19 शामिल है, के संकेत हों तो वे घर पर ही रहें; और,

जबकि, स्कूलों को CDC दिशा निर्देशों की अनुरूपता में यह निर्धारित करने में अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभागों का सहयोग जारी रखना चाहिए कि COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आए किन विद्यार्थियों, अध्यापकों, और स्टाफ़ को स्कूल समुदाय के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए घर पर ही रहना चाहिए; और,

जबकि, CDC ने 11 अगस्त, 2022 को स्कूल और डे केयर सेटिंग्ज में अद्यतनित अलगाव और संगरोध सिफारिशों को लागू करने के लिए के -12 स्कूलों और प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा कार्यक्रमों के लिए अपने परिचालन दिशानिर्देशों को संशोधित किया; और,

जबकि, संशोधित दिशानिर्देश अब सीमित परिस्थितियों को छोड़कर, K-12 स्कूलों में नियमित स्क्रीनिंग परीक्षण की अनुशंसा नहीं करते हैं; तथा,

जबकि, संशोधित दिशानिर्देश यह भी प्रदान करता है कि टेस्ट टू स्टे कार्यक्रमों की अब आवश्यकता नहीं है क्योंकि कुछ उच्च-जोखिम वाली सामूहिक सेटिंग्स को छोड़कर, COVID-19 के संपर्क में आने वाले लोगों के लिए अब संगरोधन की अनुशंसा नहीं की जाती है; तथा,

जबकि, फेडरल सेंटर्स फॉर मेडिकेयर एंड मेडिकेड सर्विसेज (CMS) की आवश्यकता है की संघ-प्रमाणित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के कर्मचारियों को COVID-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीके लगे हों, और दृढ़ता से यह सिफारिश करता है की संघ-प्रमाणित दीर्घकालीन (लॉन्ग-टर्म) देखभाल और कुशल नर्सिंग सुविधाओं के कर्मचारी COVID-19 टीकाकरण पर अप-टू-डेट रहें; और,

जबकि, 35,100 से अधिक इलिनॉय वासियों के दुखद हानि और दस हज़ार से अधिक लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के अलावा, COVID-19 ने राष्ट्र और राज्य भर में व्यापक आर्थिक नुकसान किया है और एक महत्वपूर्ण संख्या में व्यक्तियों और व्यवसायों के वित्तीय कल्याण के लिए खतरा बना हुआ है; और,

जबकि, COVID – **19** महामारी के प्रभावों के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य देखभाल करने वाले पेशेवरों की राष्ट्र व्यापी कमी हुई है जिससे,इलिनॉय की स्वास्ट्य सेवाओं की उपलब्धता जिसमें स्टाफ, बिस्तरं तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाओं में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं जिनमें राज्य द्वारा संचालित सुविधाएं भी शामिल है प्रभावित हो रही हैं, और

जबकि, राज्य में कई कार्यकारी एजेंसियां अपने सीमित संसाधनों को COVID-19 महामारी के लिए जारी प्रतिक्रिया पर केंद्रित करना जारी रखे हुए हैं; और,

जबकि, 10 नवंबर 2022 को, COVID-19 के प्रसार के अपेक्षित रूप से जारी रहने, और राज्य भर के लोगों द्वारा,लगातार हो रहे स्वास्थ्य संबंधी एवं आर्थिक प्रभाव जो आगामी महीनों में महसूस किए जाएंगे उन पर विचार करते हुए, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; और,

जबकि, ऊपर वर्णित महामारी आपातकालीन और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के जवाब में, मैं कार्यकारी आदेश 2020-09, 2020-20, 2020-23, 2021-12, 2021-18, 2021-22, 2021-31, और 2021-31 को पुनः जारी करना आवश्यक पाता हूं, और उन कार्यकारी आदेशों के खंडों को एतद्द्वारा समाविष्ट करता हूं;

इसलिए, इलिनॉय राज्य के गवर्नर के रूप में मुझ में निहित शक्तियों, इलिनॉय के संविधान और इलिनॉय इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के अधिनियम 20 ILCS 3305 की धारा 7(1), 7(2), 7(3), 7(8), 7(9), और 7(12) के अनुसार और सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों की शक्तियों के अनुरूप, मैं 10 नवंबर 2022 से प्रभावी निम्नलिखित आदेश दे रहा हूं:

भाग 1: कार्यकारी आदेशों का पुनः जारी करना।

कार्यकारी आदेश 2020-09, 2020-20, 2020-23, 2021-12, 2021-18, 2021-22, और 2021-31, को निम्नवत एतद्द्वारा पुनः जारी किया जाता है:

कार्यकारी आदेश 2020-09 (दूरस्वास्थ्य (टेलिहेल्थ)):

कार्यकारी आदेश 2020-09 के अनुभाग 9 और 10, जो कि कार्यकारी आदेश 2021-15 द्वारा संशोधित हैं, को पुनः जारी किया जाता है एवं **9 दिसम्बर, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

कार्यकारी आदेश 2020-20 (सार्वजनिक सहायता आवश्यकताएँ):

कार्यकारी आदेश 2020-20 को अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **9 दिसंबर 2022** तक बढ़ाया जाता है।

कार्यकारी आदेश 2020-23 (आपदा प्रतिक्रिया में संलग्न लाइसेंसशुदा पेशेवरों के लिए इलिनॉय वित्तीय एवं पेशेवर नियमन विभाग (Illinois Department of Financial and Professional Regulation) द्वारा की गई कार्रवाइयां):

कार्यकारी आदेश 2020-23 को अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं 9 दिसंबर 2022 तक बढ़ाया जाता है।

कार्यकारी आदेश 2021-12 (चरण प्रक्रिया 5 पुनः जारी करना):

कार्यकारी आदेश 2022-21 और कार्यकारी आदेश 2022-12 द्वारा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-12 को इसकी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है और **9 दिसंबर 2022** तक बढ़ाया जाता है।

कार्यकारी आदेश 2021-18 (शमन के उपाय):

कार्यकारी आदेश 2022-10 और कार्यकारी आदेश 2021-19 द्वारा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-18 को इसकी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है और **9** दिसंबर **2022** तक बढ़ाया जाता है।

कार्यकारी आदेश 2021-22 (टीकाकरण और परीक्षण आवश्यकताएँ):

सरकारी आदेश 2021-23 और सरकारी आदेश 2021-27 द्वारा संशोधित सरकारी आदेश 2021-22 के अनुभाग 5, 7, 8 और 9 को **9** मई**, 2022** तक फिर से जारी और विस्तारित किया गया है।

कार्यकारी आदेश 2021-31 कार्यकर्ताओं और नैदानिक सामाजिक कार्यकर्ताओं और नैदानिक मनोवैज्ञानिकों के लिए आवश्यकताओं का निलंबन):

कार्यकारी आदेश 2021-31 को अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **9 दिसंबर 2022** तक बढ़ाया जाता है।

भाग 2: संचय खंड (सेविंग्स क्लाज़)। यदि इस सरकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध ठहराया जाता है, तो यह

अवैधता किसी अन्य प्रावधान या इस सरकारी आदेश के लागू करने को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अवैध प्रावधान के या आवेदन के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस सरकारी आदेश के प्रावधानों को पृथक्करणीय घोषित किया गया है।

जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), राज्यपाल (गवर्नर)

राज्यपाल द्वारा नवंबर 10, 2022 को जारी
राज्य सचिव (Secretary of State) द्वारा नवंबर 10, 2022 को दायर